# जिला स्तरीय स्वयंसेवी संस्थाओं का प्रशिक्षण



## समाज के अंतिम व्यक्तियों तक जानकारी पहुंचाने का कार्य संस्था करें : महापौर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जन अभियान परिषद योजना आर्थिक सांख्यिकी विभाग मध्यप्रदेश शासन जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत समृद्धि योजना में स्वैक्षिक संगठनों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के सभा कक्ष में रविवार को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहके, विशेष अतिथि के रूप में भरत घई अध्यक्ष जन भागीदारी समिति पी.जी. कॉलेज, प्रमुख वक्ता के रूप में युवा समाजसेवी अंशुल शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र खरे एवं जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन उपस्थित रहे, मंच संचालन समाज सेवी विनोद तिवारी ने किया। अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विक्रम अहके महापौर ने जन अभियान परिषद की योजनाओं एवं समाज के अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति तक पहुंच को बहुत ही हितकारी बताया साथ ही जन अभियान परिषद के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। महापौर ने कहा कि समाज कार्य में संलग्न सभी संस्थाओं को शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर अंतिम छोर के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की महत्वपूर्ण भूमिका है, आप लोग के द्वारा की जा रही समाज सेवा बहुत महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि भरत घई ने कहा कि सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाएं पर्यावरण, स्वास्थ्य, जल संरक्षण हेतु बहुत अच्छे प्रयास कर रही हैं, इन्हें निरंतर समाज के बीच में रहकर कार्य करने का अनुभव है, जिसका जन अभियान परिषद द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण देकर लोगों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित युवा समाजसेवी अंशुल शुक्ला ने समाज में पांच परिवर्तन करने की आवश्यकता बताई जिसमें प्रमुख रूप से नागरिक अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता कुटुंब प्रबोधन एवं स्वदेशी विषय पर सारगर्भित उद्बोधन दिया जिसे समाज के लिए आज के परिवेश में अनिवार्य बताया। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने जन अभियान परिषद का परिचय, योजनाओं, कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की एवं रूपरेखा रखते हुए समाज कार्य में अग्रणी समाज सेवी संस्थाओं के प्रशिक्षण की जानकारी प्रदान की जिसमें उन्होंने कहा कि जनअभियान परिषद समाज को जागरूक करने के साथ ही शासन की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है इसके साथ ही सामाजिक संस्थाओ के नीति निर्धारण में भी मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की अहम भूमिका रही है।

प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों में जन अभियान परिषद का परिचय एवं योजनाओं प्रस्फुटन, नवांकुर, सृजन, दृष्टि, संवाद, समृद्धि एवं विस्तार योजना की जानकारी प्रदान किए। इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र खरे ने स्वैच्छिक संगठनों की संरचना एवं प्रभाव ओर परिणाम प्रबंधन, महत्वपूर्ण पंजीयन, सीएसआर की जानकारी प्रदान किए, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त समाज सेवी विनोद तिवारी ने आदर्श ग्राम, सामाजिक अंकेक्षण इत्यादि विषयों पर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# पातालेश्वर धाम में होंगे दस फीट ऊंचे हिम शिवलिंग के दर्शन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शिव शक्ति सेवा मंडल रजि. छिंदवाड़ा के द्वारा महाशिवरात्रि पर्व में श्री पातालेश्वर धाम बाबा भोलेनाथ की नगरी में 23 वा फलाहारी भंडारा लगाया जायेगा जिसकी युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है। मंडल सेवादार कृष्णा सेठिया, राकेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की अग्रणी प्राचीन संस्था मानव सेवा में समर्पित शिव शक्ति सेवा मंडल के द्वारा आगामी 26 फरवरी को नागा साधुओं की तपोस्थली श्री पातालेश्वर धाम छिंदवाड़ा में मंडल के द्वारा 23 वां विशाल फलाहारी भंडारा लगाने के लिए मंडल सेवादारों के द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है।




यह भंडारा छिंदवाड़ा ही नहीं वरन प्रदेश का सबसे बड़ा फलाहारी भंडारा है जो प्रात: 5 बजे से अनवरत बगैर रुके चलेगा, जिसमें लगभग डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के लिए तरह तरह के फलाहारी व्यंजन साबूदाने की खिचड़ी, चाय, केसर रबड़ी, केसर पेठा, नमकीन, दही, छाछ परोसे जाएंगे। प्रतिवर्ष जनसहयोग एवं अमरनाथ यात्रियों के सहयोग से यह भंडारा कार्यक्रम रखा जाता है भंडारे स्थल में आकर्षण 1500 किलो बर्फ से 10 फिट ऊंचे बाबा अमरनाथ जी की हिम शिवलिंग मंडल सेवादार चैतन्य सोनी टिंकू के द्वारा बनाई जाएगी जिसका मनमोहक श्रृंगार किया जायेगा।

इस कार्यक्रम में शिवभक्तों से मंडल सेवादार सुधाकर राव सावले, डॉ. गोपाल जायसवाल, संतोष गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, नरेश चौरसिया, धर्मेंद्र गुप्ता, दत्तात्रेय बक्षी, आनंद चौरसिया, मनोज चौरसिया, राहुल गुप्ता, प्रवीण बक्षी, जगदीश उईके, गोविंद गुप्ता, घनश्याम राजपूत, हीरालाल साहू, निलेश साहू, अमन अंबादकर, आदित्य पाठक, हिमांशु गुप्ता, कुंदन मिगलानी, चैतन्य सोनी, मनोज सुनेजा, अभिषेक चौरसिया, सुनील सालोडकर, बंटी सूचक, आकाश राय सहित अन्य सेवादार भंडारे की उत्तम व्यवस्था के लिए तैयारी में लगे हुए है।

शिवभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में श्री पातालेश्वर धाम बाबा भोले की नगरी में पहुंचने की अपील की गई है जिससे श्रद्धालुओं की सेवा की जा सके।

## सार समाचार

### हाजियों को दिया प्रशिक्षण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा हज कमेटी के द्वारा लांन में तरबियत कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैंम्प में हज में जाने वाले हाजियों के लिए यह कैंप लगाया गया था जिसमें सभी हाजियों को सऊदी अरब हज के दौरान किसी भी तरीके के परेशानी का सामना न करना पड़े और सऊदी अरब के कानून और वहां के नियमों का पालन किया जाए ताकि हज के दौरान किसी भी हाजी को कोई भी परेशानी का सामना न करना पड़े। सभी हाजी हज के द्वारा अपने पूरे अरकान सही तरीके से अदा कर सकें। अपने लिए अपने शहर के लिए अपने देश के लिए अपने रिश्तेदारों के लिए और तमाम लोगों के लिए वहां पर दुआएं खेर करें जैसे की इस्लाम मजहब में पांच काम फर्ज है पहला ईमान, नमाज, रोजा, जकात और हज इसी पांच काम फर्ज में हज भी एक बहुत ही जरूरी है जो लोग सहाबे अहमियत है वह बाकायदा हज के लिए हर साल लाखों की तादाद में भारत देश से सऊदी अरब के शहर मक्का और मदीना पहुंचते हैं और हज़ के अरकान अदा करते हैं लगभग 40 दिन का यह सफर रहता है। उसके बाद अपने देश को लौटते हैं।

इसी सिलसिले में हज कमेटी के द्वारा यह कैंप का आयोजन किया गया। छिंदवाड़ा जिले के अलावा सिवनी, आमला के लगभग 160 हज यात्रियों ने कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर ट्रेनिंग देने वालों में सैफुल्लाह खतीब, अनवर सिद्दीकी, बदुद कुरैशी ने अपने तर्जुबे के मुताबिक छोटी-छोटी बातों को बखुबी समझाया। इस मौके पर छिंदवाड़ा हज कमेटी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

### नंदकिशोर बारंगे ने पास की अंग्रेजी में नीट की परीक्षा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कहते हैं कि हौसलों की उड़ान से आसमां को नापा जा सकता है। संकल्प की शक्ति से असंभव को संभव किया जा सकता है। लगन है तो मुश्किलों के पहाड़ को गिराया जा सकता है। लक्ष्य प्राप्ति हेतु पारदर्शी योजना बनाकर अगर फोकस कर परिश्रम किया जाए तो सपने को हकीकत में बदलने में देर नहीं होती है। किसी भी अपमान का सही बदला अपनी हैसियत को बढ़ाकर लिया जा सकता है। एक होनहार छात्र अपनी सफलता से कई पीढ़ियों की कमतरी की स्थिति की भरपाई कर सकता है। यही कर दिखाया है पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा के अंग्रेजी विभाग के पूर्व होनहार छात्र और वर्तमान में सी.एम. राइज स्कूल गुरैया में पदस्थ अंग्रेजी के शिक्षक नंदकिशोर बारंगे ने, अंग्रेजी में नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। श्री बारंगे ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पिता टटारी बारंगे, मां अंजना बारंगे, पत्नी निकिता बारंगे के साथ अपने गुरू प्रो. अमर सिंह, प्रो. तृप्ति मिश्रा और प्रो. दीप्ति जैन को दिया है।



### भागवत कथा सुनने पहुंचे पूर्व मंत्री व भाजपा नेता

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज छिंदवाड़ा पोला ग्राउंड मे वृन्दावन से पधारे मृदुल कृष्ण शस्त्री के श्रीमुख से राजेश साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भगवतकथा मे शामिल हुए पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह, भाजपा नेता संदीप रघुवंशी। इस अवसर पर प्रवचनकर्ता का व्यास पीठ पर स्वागत कर आशीर्वाद लिया। गुरुदेव का छिंदवाड़ा आगमन पर मुख्य यजमान राजेश रघुवीर साहू एवं संदीप रघुवंशी ने जिलेवासियो की और से आभार व्यक्त किया तथा समस्त भक्तो से कथा श्रवण हेतु दोपहर 2 से शाम 6 तक आने का सादर आमंत्रण व सपरिवार आने का आग्रह किया।

## कई विभाग के अधिकारी 26 मार्च के बाद बदले जायेंगे

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन शीघ्र ही अधिकारियों के तबादलें करने जा रही है यह कार्यवाही 26 मार्च के बाद शुरू होगी। छिन्दवाड़ा जिलें में वन विभाग, महिला बाल विकास विभाग, आदिवासी विकास विभाग, खनिज विभाग, राजस्व विभाग, सहकारिता विभाग, पी.आई.ओ. विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा एवं डेयरी विकास विभाग, शिक्षा विभाग, उद्यानिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, नगरीय निकाय, मत्स्य पालन, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना,आर.ई.एस., खनिज विभाग, नागरिक आपूर्ति विभाग, विपणन संघ, कृषि उपज मण्डी समिति कुसमैली क सचिव, निरीक्षक, आयुष विभाग के चिकित्सक, वन विकास निगम एस.डी.ओ., रेंज अफसर, के अलावा पुलिस विभाग में आरक्षक, प्रधान आरक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी जो लगातार एक ही जिले में 10 वर्षो से पदस्थ है उनका भी स्थानांतरण

# सांई मंदिर में चरण पादुका के दर्शन को उमड़ी भीड़



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सच्चिदानंद सेवा समिति, छिंदवाड़ा द्वारा 23 फरवरी, रविवार को आयोजित दिव्य श्री सांई चरण पादुका यात्रा एवं संत समागम का कार्यक्रम भव्यता और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हो गया। यह आयोजन समिति की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया था जिसमें हजारों सांई भक्तों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया।

समिति के कार्यक्रम सचिव आनंद बक्षी ने बताया कि 23 फरवरी की प्रात: 10 बजे मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र सीमा स्थित बनगाँव (पांढुर्णा) में नंद कुमार निमोणकर (नानासाहब निमोणकर की चौथी पीढ़ी), विद्वान आचार्य प्रवीणनाथ पान्से महाराज, शांतनु निमोणकर सहित गणमान्य अतिथियों ने पादुका यात्रा का शुभारंभ किया।

इस दिव्य यात्रा के पांढुर्णा शहर में प्रवेश पर विधायक निलेश ऊईके, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े, उज्वल सिंह चौहान, जनपद अध्यक्ष लता तुड़मान, जयंत घोड़े सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने पादुका यात्रा का भव्य स्वागत किया।

तत्पश्चात पीपला नारायणवार में कैलाश चौधरीएविजय चौधरीएअशोक चौधरी समेत समस्त नगरवासियों ने यात्रा पर पुष्पवर्षा कर भजन.कीर्तन के साथ स्वागत किया।

यात्रा के सौसर पहुँचने पर विधायक विजय चौरे, राजेंद्र यमदे, सुनील भांगे और स्थानीय नागरिकों ने पादुका का स्वागत किया। सौसर में सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति में चरण पादुका को सौसर स्थित श्री शिर्डी साई मंदिर में ले जाया गया जहाँ मंदिर समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

यात्रा के उमरानाला आगमन पर में पूर्व मंत्री नानभाऊ महोड़ और गिरीश घटकड़े समेत समस्त भक्त समुदाय ने यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

यात्रा के मार्ग पर जगह जगह भक्तों ने रंगोली, पुष्पवर्षा और भजन-कीर्तन के साथ पादुका का स्वागत किया।

यात्रा के छिंदवाड़ा शहर आगमन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, आशीष त्रिपाठी, पप्पू यादव, जय सक्सेना, मेसी राजपूत ने यात्रा का स्वागत किया। संध्या 4.00 बजे यात्रा श्री शिर्डी सांई मंदिर विवेकानंद कालोनी, छिंदवाड़ा पहुँची जहाँ समिति के अध्यक्ष एस.वी. पुराणिक एवं सचिव अवधूत मोहगाँवकर ने पादुका का पूजन अर्चन किया।

साई मंदिर में बाबा की पवित्र चरण पादुका के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। रात्रि 11.30 बजे तक चले दर्शन कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने बाबा की चरण पादुका के दर्शन किए ।

समिति कार्यक्रम सचिव आनंद बक्षी ने कहा- यह यात्रा सांई भक्तों की अटूट आस्था और सामूहिक सहयोग का प्रतीक थी। बाबा के चरणों की यह पादुका न केवल एक पवित्र यात्रा थी, बल्कि समाज में सद्भाव और आपसी भाईचारे का संदेश भी लेकर आई। सच्चिदानंद सेवा समिति के अध्यक्ष एस.वी. पुराणिक, सचिव अवधूत मोहगाँवकर, देवराव उपासे, विजेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र भार्गव, शिव माटे, नोखेलाल चौरसिया, मनोज बाघमारे, वीरेंद्र अलडक एवं नीरज डोले ने सफल आयोजन के लिए सभी भक्तों, स्वयंसेवकों और प्रशासनिक सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

# मप्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बने संजय नागदवने




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. शिक्षक संघ जिला ईकाई छिन्दवाड़ा के त्रैवार्षिक निर्वाचन प्रांतीय निर्देशानुसार निर्वाचन अधिकारी असीम गौतम, पर्यवेक्षक दिनेश मिश्रा द्वारा सतपुड़ा विधि महाविद्यालय मोहन नगर छिन्दवाड़ा में प्रात: 10:30 बजे से प्रारंभ हुये। इस अवसर पर प्रांतीय संगठन मंत्री नंदकुमार शुक्ला एवं संयोजक शशि कुमार तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में निविरोघ सम्पन्न हुए, जिसमें संजय नागदवने जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुये। सचिव प्रदीप सूर्यवंशी, कोषाध्यक्ष बसंत शक्रवार, 6 उपाध्यक्ष जिसमें विनोद वर्मा, राकेश कुमार मालवी, महेश कुमार भायदे, तोरनलाल परतेती, चंपा नवरेती, गीता भारती, सहसचिव 6 पद हेतु बृजेश कुमार प्रजापति, रत्ना शुक्ला, गजानंद बघेला, महेन्द्र कुमार साहू, शरद कुमार राय, योगिता परिहार, 8 कार्यकारिणी सदस्य- जिसमें अरविंद शुक्ला, अनिता इवनाती, संजय कुमार परतेती, शीतल सोनी, सातेन्द्र कुमार मर्सकोले, देवेन्द्र चरड़े, भवानी प्रसाद तिवारी, एवन कुमार जैन एवं दो मनोनित सदस्यों में श्याम कुमार गुन्हेरे, रघुनाथ वर्मा निविरोंध निर्वाचित हुये। कार्यक्रम का संचालन जयराम सिंह वर्मा ने किया। निर्वाचन में परेश वर्मा, एडॉ. पवन महलवंशी, शीला शुक्ला का विशेष योगदान रहा। आभार प्रदर्शन विकास डबली के द्वारा किया गया। निर्वाचन में लगभग 150 मतदाता उपस्थित थे।

## आईपीएस कॉलेज में मैनेजमेंट विषय पर किया मार्गदर्शन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार आईपीएस कॉलेज छिंदवाड़ा में प्राचार्य डॉ. जैमिनी खानवे के मार्गदर्शन में डॉ. पूनम ठाकुर द्वारा स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर परीक्षा पूर्व विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को परीक्षा के दबाव और तनाव को प्रबंधित करने के लिए विभिन्न तकनीकों और रणनीतियों के बारे में बताया गया।

डॉ. पूनम ठाकुर ने विद्यार्थियों को स्ट्रेस मैनेजमेंट के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव और दबाव से निपटने के लिए विभिन्न तरीकों के बारे में भी बताया। सेमिनार में विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने सवालों के जवाब प्राप्त किए।

कार्यक्रम के राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी रितेश मालवीय ने डॉ. पूनम ठाकुर व सामाजिक न्याय विभाग के प्रशासनिक अधिकारी पंचलाल चंद्रवंशी को धन्यवाद दिया। सेमिनार में विद्यार्थियों के साथ ही सभी प्राध्यापक भी

# भाजपा नेताओं ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात के 119 वें एपिसोड को संबोधित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ जिला भाजपा कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम को सुना।

मन की बात के इस एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने मध्यप्रदेश के 19 साल के पोलवाल्टर देव कुमार मीणा की सराहना करते हुए कहा कि देव कुमार ने साबित किया है कि भारत का खेल भविष्य बेहद प्रतिभावान पीढ़ी के हाथों में है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों ने हमें यह भी दिखाया है कि कभी हार न मानने वाले जीतते जरूर हैं। कम्फर्ट के साथ कोई चैम्पियन नहीं बनता।

मन की बात का श्रवण करने के पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम द्वारा देश के लोगों में जन चेतना का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के हर एपिसोड में कुछ नया होता है जो सभी के लिए प्रेरणादायी होता है। श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम नई ऊर्जा का संचार करता है और समाजोत्थान के काम करने की प्रेरणा देता है।



भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुउद्देशी, जनचेतना वाला मन की बात कार्यक्रम जिले के सभी बूथों पर सुना गया है। जिले के वरिष्ठ नेतागण बूथ स्तरीय कार्यक्रम में सम्मिलित हुए हैं जो इस कार्यक्रम की व्यापकता को बताता है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ वरिष्ठ नेता विजय पांडे, अजय सक्सेना, संजय पटेल, गरिमा दामोदर, शंटी बेदी, अलकेश लाम्बा, अनिल गुप्ता, संदीप सिंह चौहान, विक्रम सोनी, इन्द्रजीत सिंह बैस, अनीष पटेल, श्रद्धा जैन, वंदना विश्वकर्मा, अमिता बरैया, पंडित मनीष तिवारी, पं. राजेश द्विवेदी, पं. सुनील तिवारी, पं. सुरेन्द्र शर्मा, मनोज मिश्रा, रामशंकर वाजपेयी, दिन्शू यादव, मनोज चौरे, राहुल बंटी उईके, विजेन्द्र चौहान, कृपाशंकर सूर्यवंशी, राकेश माइकल पहाड़े, अलकेश साव, संदीप रघुवंशी, दिव्यकांत यादव, मंजीत सिंह बेदी, इन्द्रजीत पटेल, सूरज पटेल, विजय नामदेव, विक्रम शक्रवार, शैलेन्द्र मालवी सहित बड़ी संख्या में मध्यप्रदेश संत पुजारी संघ के पदाधिकारियों, सदस्य एवं भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# राज्यस्तरीय खेती के छिंदवाड़ा स्टाल का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** यूं तो छिन्दवाड़ा जिले की जैविक, प्राकृतिक और मिलेट्स प्रोग्राम हमेशा ही प्रथम में रहा है लेकिन जिले के किसान और कृषि विभाग के अधिकारियों ने मेहनत की है। यही कारण है कि प्राकृतिक खेती के राज्य स्तरीय स्टाल का प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने निरीक्षण छिन्दवाड़ा जिले के स्टाल की प्रशंसा की है।

मिली जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश में जैविक खेती पद्धति एवं मूल्य संवर्धन पर राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान भोपाल में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में छिंदवाड़ा जिले की जैविक एवं मिलेट उत्पादन की प्रदर्शनी लगाई गई। कलेक्टर छिंदवाड़ा शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं उपसंचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले के कृषि उत्पादक संघटनों के विभिन्न उत्पादों तथा जिले के जैविक खेती करने वाले कृषको के उत्पादों को स्टॉल के माध्यम से प्रदर्शन किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा स्टॉल का निरीक्षण कर जिले के उत्पादों की सराहना की गई। जिले के कृषक उत्पादक संगठन के कृषको से मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा बातचीत के दौरान उनके कार्यों की सराहना की। इसी दौरान कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्री कसाना द्वारा भी कार्यक्रम में भाग लेते हुए किले के विभिन्न जैविक उत्पादों का निरीक्षण किया गया। कार्यशाला में जैविक खेती तथा प्राकृतिक खेती की भविष्य में संभावनाओं तथा जैविक उत्पादों की मार्केटिंग पर विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला छिंदवाड़ा से उक्त कार्यक्रम में सहायक संचालक दीपक चौरसिया, उप परियोजना संचालक आत्मा प्राची कौतू, कृषि विस्तार अधिकारी पंकज पराड़कर, आत्मा से एटीएम योगेश चोपड़े ने कार्यशाला में भाग लिया।

# गुरैया में विधि विधान से होगी महामृत्युंजय भगवान की प्रतिमा स्थापित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** 23 फरवरी 2025 को गुरु जी श्री भार्गवजी के अनुसार भगवान शिव के कई स्वरूपों का वर्णन किया गया है, इसमें से भगवान शिव का एक स्वरूप महामृत्युंजय स्वरूप भी है। इस स्वरूप में भगवान शिव हाथों में अमृत लेकर अपने भक्तों की रक्षा करते हैं।

पीताम्बरा बगलामुखी मंदिर के मुख्य पंडित संजय भार्गव ने बताया कि महाशिवरात्रि के उपलक्ष माँ पीताम्बरा बगलामुखी पर भगवान शिव महामृत्युंजय है शिवरात्रि के पावन अवसर पर पीताम्बरा बगलामुखी मन्दिर गुरैया में महा मृत्युंजय भगवान आ रहे है आज 24 फरवरी 25, दिन सोमवार को भगवान महामृत्युंजय की प्रतिमा का महानगर भ्रमण एवं शोभायात्रा, कल 25 फरवरी 25 मंगलवार को भगवान का मंडप पूजन तथा 26 फरवरी 25 दिन बुधवार को महाशिवरात्रि के दिन बाबा महामृत्युंजय जी स्थापना तथा दोपहर 1 बजे से गुरुजी माताजी के द्वारा विशेष शिव माँ पीतांबरा बगलामुखी पूजा करायीं जाएगी।

इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी श्री भार्गव ने समस्त शहर वासियों से अपील की है कि माँ पीताम्बरा बगलामुखी महाकाल सिद्ध शक्तिपीठ विश्व का प्रथम श्री यन्त्र मन्दिर गुरैया में होने जा रही महामृतुंजय भगवान की प्रतिमा स्थापना के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ लें।

उल्लेखनीय है कि गुरैया में भार्गव परिवार द्वारा काफी दिनों से अनुष्ठान किया जाता रहा है और उनके द्वारा माता बगलामुखी की प्रतिमा की स्थापना कर सदैव वहां विधि विधान से पूजा पाठ का आयोजन माताजी के नेतृत्व में किया जाता रहा है और अब महामृंतुजय भगवान की प्रतिमा स्थापित कर एक सराहनीय कार्य करते हुए भक्तों के आस्था को और अच्छा आस्थावान बना दियाहै।

## सार समाचार

### श्री नागमंडल मंदिर समिति छापाखाना ने अर्पित किया सवा किलो चांदी का त्रिशूल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर के वार्ड नंम्बर 29 छापाखाना स्थित श्री नागमंडल मंदिर समिति के सदस्यों ने चौरागढ़ महादेव को सवा किलों चांदी से निर्मित चमचमाता भव्य त्रिशूल अर्पित कर महादेव भगवान शंकर से जिले की सुख, शांति, सम्रद्धि की कामना की।

मंदिर समिति सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष हम सभी समिति सदस्य महादेव दर्शन को जाते हैं और हर बार लोहे, स्टील, तांबा, पीतल आदि धातुओं से निर्मित त्रिशूल अर्पित करते थे किंतु इस वर्ष हमने चांदी के त्रिशूल चढ़ाने का निर्णय लिया था जिसे पूरा किया।

### नागपुर-छिन्दवाड़ा रोड महाराष्ट्र सीमा पर की गई आरटीओ चेक पाइंट पांढुर्णा-1 की स्थापना

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश ग्वालियर के निर्देशानुसार नागपुर-छिन्दवाड़ा रोड महाराष्ट्र सीमा पर आर.टी.ओ. चेक पॉईन्ट पांढुर्णा-1 की स्थापना की गई है तथा प्रवर्तन अमले द्वारा नियमित चेकिंग की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 18 फरवरी 2025 को प्रवर्तन अमले द्वारा नियमित चेकिंग की कार्यवाही शासन द्वारा अनुबंधित वाहन क्र. एम.पी.-28 टी.ए.1642 द्वारा की जा रही थी। इस दौरान एक वाहन चालक द्वारा चेकिंग के लिए वाहन न रोकने, अभद्रता करने और आवश्यक दस्तावेज न दिखाने पर उसका ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने के लिए लायसेंसिंग अथॉरिटी को पत्र भेजा गया है।

परिवहन चेक पॉईन्ट पांढुर्णा- 1 के प्रभारी ने बताया कि वाहन क्रण् एम.एच.-34 बी. जेड- 7230 की चेकिंग के दौरान वाहन को चेकिंग के लिए रोका गया, लेकिन वाहन चालक राजेश कुमार चौधरी द्वारा वाहन को ना रोकते हुये तेज गति से वाहन चलाते हुए भगा ले गया। वाहन नहीं रुकने पर और वाहन को पीछा करके रोका गया तथा वाहन के दस्तावेज जैसे पंजीयन कार्ड, परमिट, फिटनेस, पी.यू.सी., ड्रायविंग लायसेंस की मांग की गई। ड्रायवर द्वारा दस्तावेज दिखाने से इनकार करते हुये चेकिंग स्टॉफ से अभद्रता की गई तथा कहने लगा की चेक पोस्ट बंद हो गयेए तो आप किस अधिकार से चेकिंग कर रहे हैं। ड्राइवर द्वारा इस वाहन को आड़ा खड़ा करके छिन्दवाड़ा-नागपुर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया।

इसके बाद ड्राईवर वीडियो बनाने लगा एवं उसके द्वारा महिला स्टॉफ आरक्षक एवं अन्य स्टॉफ से अभद्रता की गई। मार्ग अवरूद्ध हो जाने से महाकुंभ मेला, महादेव मेला एवं अन्य यात्रियों को जाम लगने से परेशानी होने लगी, तब उपस्थित चेकिंग स्टॉफ द्वारा समझबूझ एवं संवेदनशीलता के साथ ड्राईवर को समझा बुझाकर आड़ी खड़ी गाड़ी को सीधा कराकर अवरूद्ध मार्ग को पुनः खोला गया। ड्रायवर द्वारा अंततः दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये और गाड़ी को भगा कर ले गया। ड्राईवर द्वारा जो वीडियो बनाया गया है, उसमें ड्रायवर अपने ड्राईविंग लायसेंस का ब्यौरा दे रहा है। जिसके माध्यम से सारथी पोर्टल द्वारा ड्राईवर के सभी दस्तावेज प्राप्त किये गये। वाहन चालक राजेश कुमार चौधरी के विरूद्ध ड्राईविंग लायसेंस निलंबित करने के लिये लायसेंसिंग अथॉरिटी आर.टी.ओ. नागपुर (महाराष्ट्र) को पत्र भेजा गया है।


### जिला जेल में नाट्य गंगा ने किया हास्य नाटक वो फिर आएगी का मंचन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नाट्यगंगा रंगमंडल छिंदवाड़ा रंगक्षेत्र में अपने नवाचार के लिए पहचानी जाती है। विगत दो दशकों से अधिक समय से नाट्यगंगा छिंदवाड़ा के हर एक आम नागरिक तक रंगमंच को पहुँचाने के लिए प्रयासरत है। ऐसा ही एक अनूठा आयोजन संस्था के द्वारा जिला जेल में किया गया। नाट्यगंगा के द्वारा रूसी लेखक एंटोन चेखव के द्वारा लिखित हास्य कहानी पर आधारित नाटक वो फिर आएगी का मंचन संस्था अध्यक्ष एवं रंगमंडल गुरू सचिन वर्मा के निर्देशन में किया गया। इस नाटक के मंचन में जेल अधीक्षक यजुवेंद्र वाघमारे, जेलर ज्ञानांशु भारतीय सहित जिला जेल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। दो सौ दिनों में दो हजार नए रंग दर्शक बनाने के अपने महा अभियान के अंतर्गत नाट्यगंगा रंगमंडल के द्वारा इस हास्य नाटक का मंचन किया गया। नाटक में पूनम बचले, गुंजन मेटेकर और सचिन वर्मा ने अपने वास्तविक अभिनय और जबरदस्त संवाद अदायगी से दर्शकों को हंसा हंसाकर लोटपोट कर दिया। नाटक में पार्श्व संगीत हर्ष डेहरिया और मंच संचालन संस्था सचिव अमजद खान ने किया। नाटक के मंचन को बड़ी संख्या में बंदियां ने देखा और सभी ने इसे बिल्कुल नया अनुभव बताया। जेल अधीक्षक यजुवेंद्र वाघमारे ने कहा कि ऐसे आयोजन से बंदियों को एक नई दिशा मिलने की आशा है और इससे प्रेरणा लेकर वे पुनः समाज की मुख्यधारा से जुड़कर अपना जीवन नए तरीके से शुरू कर सकते हैं।

# सद्भावना सप्ताह के रूप में मनाया इन्द्रेश का जन्मदिन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य एव मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार का जन्मदिन 18 फ़रवरी को सद्भावना सप्ताह के रूप में पूरे भारत में 16 फरवरी से 23 फरवरी तक मनाया गया है।

इसी कड़ी के अंतर्गत इंद्रेश कुमार का जन्मदिन पर छिंदवाड़ा में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमे अन्न क्षेत्र में ग़रीब परिवारों को भोजन करवाया गया। हज़रत भैय्या जी अताल्लाह शाह र.अ. व कमली वाले बाबा की दरगाह पर चादर शरीफ पेश की गई देश व दुनिया में अमन शांति आपसी भाईचारा सद्भावना बनी रहे ऐसी दुआ की गई।



मुख्य कार्यक्रम गरीबों को भोजन कराया गया, और फल व मिठाई वितरण किया गया, जिला संयोजक ज़फ़र खान, सह संयोजक इरफान बख्श, रिजवाँन खान, सलाहकार शेरू भाई, मीडिया प्रभारी मो. अता खान, बादशाह खान, सहप्रभारी एजाज़ अली, अमरवाड़ा प्रभारी मोनू भाई, सदस्य फ़ैज़ खान, साजिद भाई बब्लू, जफरूद्दीन गगन गोहिल की मौजूदगी में सभी कार्य क्रम संपन्न हुए।

# पहली पायरी जुन्नारदेव विशाला में भंडारा






**अम्बाड़ा, देशबन्धु।** शिव भक्त कमल मदान शिव के सेवक भंडारा समिति के द्वारा चौरागढ़ महादेव जाने वाले शिव भक्तों के लिए जुन्नारदेव विशाला पहली पायरी में भंडारा भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई है। गत 20 फरवरी 2025 से भगवान भोलेनाथ सहित परिवार की प्रतिमा की विधि विधान से स्थापना कर पूजन पाठ करने के पश्चात 24 घंटे चलने वाले भंडारे की शुरुआत की गई एवं इस संचालित विशाल भंडारे का समापन महाशिवरात्रि के दूसरे दिन 27 फरवरी गुरुवार को होगा। 20 फरवरी से प्रारंभ यह विशाल भंडारे का आज चौथा दिन है।

शिव के सेवक भंडारा समिति के कमल मदान ने बताया कि भगवान भोलेनाथ के दर्शन को महादेव पहुंचने वाले शिव भक्त जुन्नारदेव विशाला पहली पायरी में रुकते हैं जिनकी संख्या हजारों में होती है इन्हीं शिव भक्तों के लिए समिति व सहयोगियों के द्वारा विशाल भंडारा भोजन की व्यवस्था की गई है जहां पर पहुंचकर श्रद्धालुगण भरपेट भोजन कर रहे हैं साथ ही आराम भी करते हैं इसके बाद भगवान शिव के दर्शन के लिए चौरागढ़ महादेव की और रवाना होते हैं। एक सप्ताह तक चलने वाले इस विशाल भंडारे में विभिन्न प्रांतो से आने वाले हजारों शिव भक्त उपस्थित होकर भोजन प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं एवं महाशिवरात्रि के दिन तो श्रद्धालुओं की यह संख्या लाखों में पहुंच जाती है जो भंडारा स्थल में पहुंचकर भोजन प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस दौरान सुबह शाम भगवान भोलेनाथ की आरती व पूजन पाठ के साथ ही भंडारा प्रारंभ किया जाता है जो की निरंतर 24 घंटे जारी रहता है जहां पर शिव के सेवक भंडारा समिति के सदस्यों के द्वारा इस भंडारे में अपनी सेवा देकर शिव भक्तों को भोजन परोसा जा रहा है एवं पुण्य लाभ भी अर्जित कर रहे हैं।

# त्रिशक्ति राष्ट्रीय मंच ने प्रयागराज से लौटे श्रद्धालुओं का किया सम्मान

**पालाचौरई, देशबन्धु।** सनातन संस्कृति का महाकुंभ मेला सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है, प्रयागराज का ये पूर्ण महाकुंभ जो कि 144 वर्ष में आया है जो कि दुर्लभ संयोग ह जिसमें करोड़ो भक्तों ने आध्यात्म, भक्ति, विश्वास और आस्था के स्नान पर्व में हिस्सा लिया। सनातन संस्कृति में जब भी कोई तीर्थ से आते हैं तो उनका सभी सम्मान करते हैं इस उपलक्ष्य में त्रि-शक्ति राष्ट्रीय मंच परासिया जुन्नारदेव प्रभारी स्मृति यादव व मंच की महिलाओ के द्वारा प्रयागराज के स्नान पर्व से लौटी महिला तीर्थयात्रिओं का सम्मान समारोह का आयोजन कोयलांचल के प्रसिद्ध मां हिंगलाज शक्तिपीठ अम्बाड़ा के प्रांगण भवन में किया गया। इस दौरान कुंभ से स्नान करके लौटी महिला तीर्थ यात्रियों का पुष्पहार व पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत किया गया इसके अलावा मंदिर समिति के द्वारा भी उपस्थित महिलाओं को माता की चुनरी श्रीफल और प्रसाद सम्मान स्वरूप भेंट किया गया।

इस आयोजित कार्यक्रम में मंदिर समिति के उपाध्यक्ष नारायण राव सराटकर के द्वारा अपने उद्बोधन के दौरान कहा गया कि त्रि-शक्ति राष्ट्रीय मंच के द्वारा समय-समय पर समाजहित के कार्य किए जाते हैं साहित्य शिक्षा कला के क्षेत्र में कार्य करने के अलावा पर्यावरण के संरक्षण के लिए एवं महिलाओं के उत्थान को लेकर भी यह मंच कार्य करता है जो की एक सराहनीय कार्य है। इसलिए इस मंच के पदाधिकारी व सदस्य बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम के पश्चात सभी के लिए भोजन व्यवस्था की गई। इस अवसर पर त्रि-शक्ति राष्ट्रीय मंच छिंदवाड़ा की संस्थापक शरद मिश्रा, संरक्षक अनीता तिवारी, संरक्षक नीरजा वाजपई, जुन्नारदेव परासिया मंच प्रभारी स्मृति यादव सहित ज्योति नेमा, कल्पना श्रीवास्तव, दीपिका यादव, रश्मि अग्रवाल, मंजू यादव के अलावा मंदिर समिति के नारायण राव सराटकर, अशोक ठाकर, शिक्षक यादोराव पवार, विकास अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन स्मृति यादव के द्वारा किया गया।



# भारतीय बौद्ध महासभा का युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** डॉ. आंबेडकर समता विकास समिति, छिंदवाड़ा के तत्वावधान में 23 फरवरी 2025 को स्थानीय समता बौद्ध विहार, अंबेडकर नगर, परासिया रोड, छिंदवाड़ा में अखिल भारतीय बौद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन सामाजिक समरसता और वैवाहिक जीवन को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10.00 बजे हुआ जिसमें भिक्षु संघ के आगमन के साथ बुद्ध वंदना, धम्म वंदना और संघ वंदना की गई। साथ ही भिक्षु संघ द्वारा धम्म देशना प्रदान की गई।

इस सम्मेलन में छिंदवाड़ा, सिवनी, पांढुर्णा, बैतूल, भोपाल, बालाघाट सहित अन्य जिलों से विशिष्ट अतिथिगण एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

बौद्ध समाज के शिक्षित युवक-युवतियों को परिचय का मंच प्रदान किया गया। समाज के सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मान हुआ। इच्छुक युवक-युवतियों का क्लोज सर्किट कैमरों सी सी टी वी के माध्यम से परिचय सत्र आयोजित हुआ। इच्छुक युवाओं और उनके परिवारों के लिए 26 मार्च 2025 तक पंजीयन की सुविधा अतिरिक्त उपलब्ध कराई गई है।

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों के युवाओं का सहभागगिता की। इस कार्यक्रम के संयोजक एवं समिति के महासचिव सतीश गोंडाने एवं समिति के अध्यक्ष सुभाष नागले आदि उपस्थित थे।

# शराब के नशे में नागपुर के युवकों ने की तोड़फोड़-11 पर मामला दर्ज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** उमरानाला चौकी अंतर्गत बीती रात नागपुर के कुछ युवकों द्वारा बस चालक सहित एक ढाबा संचालक से मारपीट की घटना सामने आई है। वहीं घटना को अंजाम देकर उक्त युवक मौके से भागने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन उमरानाला पुलिस की सूझबूझ के चलते इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

उमरानाला चौकी प्रभारी पारसनाथ आर्मो ने बताया कि संजय पिता दिवाकर राउत निवासी बरारीपुरा छिंदवाडा ने रिपोर्ट किया कि मै राहुल बस में परिचालक का काम करता हूं।

बीती रात चालक सलीम खान के साथ भूराभगत मेला से नागपुर की सवारी भरकर नागपुर जा रहे थे, रास्ते में बस में सवार कुछ लडके आरोपीगण तुषार कनोजिया, पीयूष ग्वालवंशी, प्रदीप तसरे तीनो निवासी नागपुर महाराष्ट्र एवं अन्य 08 साथी द्वारा बार-बार बस रूकवाने के लिये विवाद कर रहे थे।

शाम करीबन 07.15 बजे उमरानाला के पास अंजनी बाबा फैमिली ढाबा में खाना खाने के लिये बस रोके तभी आरोपी तुषार कनोजिया ने चालक सलीम खान एवं मेरे से शराब पीने के लिये पैसे मांगे।

पैसे देने से मना करने पर आरोपीगण पीयूष पिता सूरज ग्वालवंशी उम्र 19 वर्ष, तीजेंद्र पिता लल्लू पटेल उम्र 19 वर्ष, शुभम पिता नंदकिशोर गुर्जर उम्र 30 वर्ष, सचिन पिता दिना छोले उम्र 24 वर्ष, अभिषेक पिता नंद किशोर गुर्जर उम्र 28 वर्ष, अभिजीत पिता राज किशोर ठाकुर उम्र 22 वर्ष, शुभम पिता शेखर तायडे उम्र 26 वर्ष, योगेश पिता उत्तम गिरी उम्र 40 वर्ष, मनोज पिता प्रमोद सांडे उम्र 29 वर्ष निवासी सभी निवासी इंदिरा जाट तरौडी गली नंबर- 2, थाना इमामबाड़ा नागपुर महाराष्ट्र तथा प्रदीप पिता धर्मपाल तसरे उम्र 27 वर्ष निवासी चिमनी चौक अंजनी बुद्ध विहार के पास थाना अंजनी नागपुर महाराष्ट्र, तुषार पिता प्रकाश कनौजिया उम्र 22 वर्ष निवासी इंदिरा नगर भूरा मैदान अंजनी थाना इमामबाड़ा महाराष्ट्र द्वारा मां-बहन की गंदी गंदी गालीयां देकर हाथ-मुक्के से मारपीट किये एवं पत्थर से बस के आजू-बाजू की खिडकियां की कांच तोड-फोड कर दिये, रिपोर्ट पर अपराध क्र 79/25 धारा 296, 315(2), 119, 191(2), 190, 324 (4) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

देर शाम अज्ञात युवकों द्वारा उमरानाला के ढाबे में तोड़फोड़ और मारपीट की सूचना जैसे ही उमरानाला चौकी पुलिस को लगी, तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचकर कार्यवाही शुरू की गई।

आरोपियों द्वारा मारपीट कर दूसरी बस से नागपुर की तरफ भागने का प्रयास किया जा रहा था। लेकिन पुलिस की सजकता के चलते सभी आरोपियों को सिल्लेवानी के पास आधा घँटे के भीतर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।